02 नवंबर, 2020

**प्रेस विज्ञप्ति**

**इरेडा ने एमएनआरई, भारत सरकार के साथ वर्ष 2020-21 के लिए एमओयू हस्ताक्षर किया**

# ‘उत्कृष्ट’ रेटिंग के तहत 2406 करोड़ रुपए राजस्व का लक्ष्य



भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई), भारत सरकार के साथ वर्ष 2020-21 के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर प्रमुख लक्ष्य निर्धारित किए। एमओयू पर एमएनआरई के सचिव श्री इंदु शेखर चतुर्वेदी और इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रदीप कुमार दास ने एमएनआरई और इरेडा के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आज हस्ताक्षर किए गए।

भारत सरकार ने इरेडा के लिए ‘उत्कृष्ट’ रेटिंग के तहत 2,406 करोड़ रुपए का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ ही विभिन्न कार्य-निष्पादन से संबंधित मापदंडों के परिचालन से राजस्व के प्रतिशत के रूप में प्रचालन लाभ, औसत नेट वर्थ के रूप में कर के बाद लाभ, ऋण संवितरण, अतिदेय ऋण आदि के लिए लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

इरेडा ने 2 नवंबर, 2020 के अनुसार भारत में 2700 से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को कुल 57,000 करोड़ रुपए का संचयी ऋण संवितरण करते हुए वित्तपोषित किया है और देश में 17,259 मेगावाट की अतिरिक्त हरित ऊर्जा क्षमता को समर्थन दिया है।